कोटद्वार, शुक्रवार
20 दिसम्बर 2024
वर्षः 46
अंकः 224 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### सरकारी विभागों में स्थानीय उत्पादों की खरीद के आदेश जारी

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : राज्य सरकार के अधीन विभिन्न विभाग और सरकारी कार्यालयों में आयोजित होने समारोहों, बैठकों के लिए स्थानीय समूहों के उत्पाद खरीदे जाएंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं।मुख्य सचिव की ओर से गुरुवार को जारी आदेश में कहा गया है कि उत्तराखंड में अलग-अलग विभागों के सहयोग से विभिन्न प्रकार के स्वयं सहायता समूहों, किसान उत्पादक संगठनों, महिला कृषकों और एकल महिला उद्यमियों द्वारा कई प्रकार के उच्च गुणवत्ता युक्त स्थानीय उत्पाद बनाए जा रहे हैं। उत्तराखंड सरकार भी विभिन्न शासकीय कार्यक्रमों, बैठकों, समारोह में उपहार देने के लिए स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता के आधार पर क्रय करने पर जोर दे रही है। इसी क्रम में सभी विभाग, कार्यालय अपने अधीन होने वाले कार्यक्रमों, समारोहों के लिए स्थानीय उत्पादों की खरीद करेंगे। इससे समूहों की आर्थिक स्थिति मजबूत होने के साथ ही, लोगों को भी गुणवत्ता पूर्ण उत्पाद हासिल हो सकेंगे। विहित है कि प्रदेश सरकार ने गत वर्ष स्थानीय उत्पादों का अम्ब्रेला ब्रांड हाउस ऑफ हिमालयाज भी लांच किया है। इसका उद्घाटन खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों, दिसंबर 2023 के दौरान देहरादून में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान हुआ था। वर्तमान में हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड के तहत आठ श्रेणी में कुल 35 उत्पादों को शामिल किया गया है। इसमें मिलेट्स बिस्किट, मुन्स्यारी, चकराता, हर्षिल की राजमा, चौलाई, तोर दाल, पहाड़ का परंपरागत लाल चावल, झंगोरा, गहथ, काले भट्ट, चाय, तेल, पर्सनल केयर, हैंडीक्राफ्ट के उत्पाद शामिल हैं।

### क्रिप्टो करेंसी निवेश का झांसा देकर 88 करोड़ रुपये की ठगी

देहरादून। क्रिप्टो ट्रेडिंग के नाम पर शहर में एक और बड़ी ठगी का मामला सामने आया है। सहस्त्रधारा रोड निवासी महिला से धोखाधड़ी में राजपुर थाना पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस साक्ष्यों के आधार पर आरोपों की जांच कर रही है। राजपुर थानाध्यक्ष पीडी भट्ट ने बताया कि अनम फातिमा निवासी ग्रीन व्यू सहस्त्रधारा रोड की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है। उनके अनुसार माय फॉरेक्स अड्डा आर्टबज, प्रथम तल कैनाल रोड के संस्थापक मुनेजा मुश्ताक, सह संस्थापक रक्शंदु वर्धन, शेयरधारक परमजीत ओबराय, सह संस्थापक इंदु नेगी और हेड लेखा अनुभाग अनुभव ने क्रिप्टो में निवेश पर ऊंचे रिटर्न का झांसा दिया। अनम फातिमा ने बताया कि उन्होंने आरोपियों पर भरोसा करते हुए पहले 50 हजार रुपये और बाद में 1 लाख रुपये का निवेश किया। इसके बाद नौकरी के ऑफर के बहाने उनसे और अधिक निवेश करवाया गया। कुल मिलाकर पीड़िता और उनके परिचितों ने 88,55,980 रुपये (77,22,000 रुपये मूलधन और 11,33,980 रुपये जीएसटी) का निवेश किया। कुछ समय तक निवेश पर रिटर्न मिलता रहा। बाद में रिटर्न देना बंद कर दिया गया। जब निवेशकों ने पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने टालमटोल करना शुरू कर दिया। पीड़िता के अनुसार मुनेजा मुश्ताक और अन्य आरोपियों ने चेक देकर गुमराह किया। 31 अगस्त 2024 को दिए गए 57 लाख और 50 लाख के दो चेक बाउंस हो गए। इसके बाद उन्होंने फर्जी स्क्रीनशॉट दिखाकर और समय मांगा। जब निवेशकों ने पुलिस में शिकायत की बात कही तो आरोपियों ने दावा किया कि क्रिप्टो से जुड़े मामलों में पुलिस कुछ नहीं कर सकती। आरोपियों ने बार–बार फर्जी स्क्रीनशॉट दिखाकर झूठे दावे किए।

### लच्छीवाला के जंगल में युवक का शव मिलने से सनसनी

ऋषिकेश। वन विभाग की लच्छीवाला रेंज के जंगल में रेलवे ट्रैक के पास गुरुवार को एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। वनकर्मियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आसपास पहचान के प्रयास किए, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। शिनाख्त के लिए पुलिस ने आसपास के थाना क्षेत्रों की पुलिस को भी सूचित कर दिया है। पुलिस के मुताबिक गुरुवार को वनकर्मी युनूस ने सूचना दी कि वन गुज्जरों ने उन्हें जंगल में युवक का शव होने की जानकारी दी।

# 56 करोड़ की लागत से होगा सतपुली झील का निर्माण : धामी

## ●मुख्यमंत्री ने सतपुली में 172 करोड़ 65 लाख की 24 योजनाओं का किया लोकार्पण/शिलान्यास

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान पूर्वी नयार नदी में बनने वाली बहुउद्देशीय सतपुली झील का शिलान्यास सहित लगभग 172 करोड़ 65 लाख की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के लिए 6 घोषणाएं की, जबकि 4 अन्य घोषणाओं को परीक्षण के उपरांत स्वीकृति की बात कही। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल की विकास पुस्तिका का विमोचन किया।गुरूवार को रामलीला मैदान सतपुली में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 123 करोड़ 53 लाख की 04 योजनाओं का शिलान्यास व 49 करोड़ 12 लाख की 20 योजनाओं का लोकार्पण किया। जिसमें 56 करोड़ की लागत से बनने जा रही सतपुली झील का शिलान्यास मुख्यतया शामिल है। मुख्यमंत्री ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि लगभग 172 करोड़ से अधिक की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है। यह योजनाएं क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। सतपुली झील का निर्माण पूरा होने से यह क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था के लिए वरदान साबित होंगी। कहा कि आज जिस झील का शिलान्यास किया गया है उसका लाभ आने वाली पीढ़ियों को भी होगा। प्रदेश में सड़क, हवाई कनेक्टिविटी के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विकास किया जा रहा है। प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र में वृहद स्तर पर निर्माण कार्य करवाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पलायन जैसी वृहद समस्या को जड़ से समाप्त करने की दिशा में निरंतरता से कार्य कर रही है। प्रदेश में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के साथ ही स्थानीय उद्योगों में भी युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारी मातृशक्ति हर क्षेत्र में क्रांति ला रही है। मातृशक्ति द्वारा तैयार उत्पाद आज बड़ी-बड़ी कंपनियों को भी फेल कर रहे हैं, जिनकी डिमांड विदेशों तक होने लगी है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने क्षेत्र में विकास योजनाओं की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं से क्षेत्र के विकास को पंख लगेंगे। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवत, भाजपा जिलाध्यक्ष कोटद्वार वीरेंद्र रावत, जिलाध्यक्ष पौड़ी सुषमा रावत, एसडीएम नूपुर वर्मा, अनिल चन्याल, शालिनी मौर्या सहित ब्लॉक प्रशासक एकेश्वर नीरज पांथरी व जयहरीखाल दीपक भण्डारी, संचालक शैलेन्द्र दर्शन, मंडल अध्यक्ष सतेंद्र बिष्ट सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही।



रामलीला मैदान सतपुली में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करते हुए।



रामलीला मैदान सतपुली में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी युवती को किशोरी किट देते हुए।

### एकेश्वर ब्लॉक मुख्याल में बनेगा मिनी स्टेडियम

गुरूवार को रामलीला मैदान सतपुली में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विकासखण्ड बीरोंखाल के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज भरोलीखाल व बीरोंखाल में नवीन भवन निर्माण, विकासखण्ड एकेश्वर व कल्जीखाल के मध्य नयार पाटीसैण व असवालस्यूं के मध्य पश्चिमी नयार नदी के ऊपर मोटर पुल, विकासखण्ड एकेश्वर मुख्यालय में मिनी स्टेडियम, रवांसा नदी के ऊपर निर्मित पीपलडोंगा पुल से 500 मीटर ऊपर की ओर बैराज का निर्माण, ताड़केश्वर महादेव में पुलिस चौकी की स्थापना की घोषणा की।

### सीएम धामी का किया स्वागत

गुरुवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जिले के एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत सतपुली पहुंचे।

मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से बिलखेत हेलीपैड पहुंचे। यहां कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र अंथवाल, विधायक लैन्सडौन दिलीप महंत, विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी, ब्लॉक द्वारीखाल के प्रशासक महेन्द्र राणा, प्रशासक कल्जीखाल बीना राणा, प्रशासक पोखड़ा प्रीति देवी, जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

# नए साल के लिए मसूरी तैयार, अब नहीं लगेगा जाम, बनेगी 28 सेटेलाइट पार्किंग

देहरादून। थर्टी फर्स्ट और नव वर्ष के स्वागत के लिए मसूरी तैयार है। इस तरह के खास अवसर पर पहाड़ों की रानी मसूरी में देशभर से पर्यटकों की आमद होती है। भीड़ बढ़ने पर शहर से लेकर बाहरी क्षेत्रों तक भीषण जाम भी लग जाता है। इस स्थिति से पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों को बचाने के लिए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने मसूरी में ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रस्तावित एक्शन प्लान की समीक्षा की। उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस से यातायात सुधार की दिशा में किए जा रहे प्रयास का अपडेट लिया।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी सविन बंसल ने बताया कि मसूरी के बाहरी क्षेत्रों में 28 सेटेलाइट पार्किंग बनाने के लिए स्थान चिह्नित किए गए हैं। इस दिया में हाथीपांव पर पार्किंग व्यवस्था पूरी होने वाली है। उन्होंने बताया कि इस पार्किंग के पूरी तरह संचालित हो जाने के बाद इसका प्रारंभिक रूट किंक्रेग से पिक्चर पैलेस तथा गांधी चौक रहेगा।



पीक सीजन में पार्किंग में खड़े होंगे वाहन, शटल सेवा से जाएंगे पर्यटक

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि पीक सीजन के दौरान सेटेलाइट पार्किंग बहुत काम आएगी। भीड़ बढ़ने पर पर्यटकों के वाहनों को सीधे मसूरी में प्रवेश देने की जगह उनके वाहनों को सेटेलाइट पार्किंग में खड़ा कराया जाएगा। इसके बाद शटल सेवाओं के माध्यम से उन्हें आगे बढ़ाया जाएगा। इससे यात्रियों को अनावश्यक जाम का सामना नहीं करना पड़ेगा। साथ ही इससे स्थानीय रिक्शा चालकों को काम मिलेगा और उनकी आर्थिकी सुदृढ़ होगी। इसके लिए रिक्शा चालकों को आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

### पिथौरागढ़ मेडिकल का रास्ता साफ, वन विभाग से मिली सैद्धांतिक मंजूरी

देहरादून।पिथौरागढ़ मेडिकल कालेज की 0.99 हेक्टेयर भूमि की फॉरेस्ट क्लीयरेंस वन विभाग की ओर से प्रदान कर दी गई है। इससे मेडिकल कालेज के ओपीडी, आईपीडी ब्लॉक के साथ ही नर्सेस हॉस्टल निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। पेयजल निगम की ओर से पिथौरागढ़ मेडिकल कालेज का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। मेडिकल कालेज की चिन्हित भूमि के करीब 0.99 हेक्टेयर हिस्से पर अभी वन विभाग की मंजूरी नहीं मिली थी। इसके कारण मेडिकल कालेज के सबसे अहम हिस्से ओपीडी, आईपीडी ब्लॉक समेत नर्सेस हॉस्टल का निर्माण अटका हुआ है। सीएम पुष्कर सिंह धामी के निर्देश के बाद सीमांत जिले पिथौरागढ़ की इस अहम मेडिकल कालेज योजना को जल्द से जल्द धरातल पर उतारने को प्रमुख सचिव वन आरके सुधांशु ने वन भूमि क्लीयरेंस की प्रक्रिया को तेज किए जाने पर जोर दिया। प्रमुख सचिव आरके सुधांशु ने बताया कि वन विभाग ने सैद्धांतिक सहमति प्रदान कर दी है।

# जो बाबा साहेब से करे प्यार, वो भाजपा से करे इन्कार : अरविंद केजरीवाल

नई दिल्ली ,आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को मंदिर मार्ग स्थित भगवान वाल्मीकि मंदिर में जाकर पूजा–अर्चना की और जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बाबा साहेब आंबेडकर का अपमान किया है। जो बाबा साहेब से करे प्यार, वो भाजपा से करे इनकार। मैं बाबा साहेब को अपना आदर्श मानता हूं और उनका अपमान करने वाली भाजपा का हर स्तर पर विरोध करुंगा। बाबा साहेब हमारे लिए भगवान हैं। हम उनका अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। अब यह चुनने का वक्त आ गया है कि बाबा साहेब से प्यार करने वाला भाजपा से प्यार नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि संसद इस देश की सबसे बड़ी पंचायत है। जहां पूरे देश के लोग जाकर बैठते हैं और देश की समस्याओं पर चर्चा करते हैं। मंगलवार की शाम संसद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर पर एक बयान दिया। यह अपने आप में बहुत पीड़ादायक था।आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद



केजरीवाल ने कहा कि मैं अपने आपको बाबा साहेब का केवल प्रशंसक ही नहीं, उनका भक्त भी मानता हूं। मैंने पहले भी उनके बारे में बहुत पढ़ा। लेकिन, जब मैं जेल गया तो मैंने उनकी जीवनी कई बार पढ़ी। उनकी जीवनी पढने् से बहुत प्रेरणा मिलती है। उन्होंने जितना संघर्ष किया है, ऐसे बहुत कम लोग हैं। एक मामूली सा आदमी संघर्ष करके इतनी उंचाईयों पर पहुंच गया कि अमेरिका की यूनिवर्सिटी ने उन्हें पूरी सदी का सबसे बड़ा विद्वान घोषित किया है। उन्होंने पूरी दुनिया में नाम रोशन किया है। ऐसे व्यक्ति का इन लोगों ने अपमान किया।उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी में हम लोग दो महानुभावों बाबा साहेब और भगत सिंह को अपना आदर्श मानते हैं। ऐसा नहीं है कि हम दूसरों को आदर्श नहीं मानते हैं। महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सुभाष चंद्र बोस जैसे बहुत सारे स्वतंत्रता सेनानी हैं, उन सबको भी हम आदर्श मानते हैं। लेकिन, हम बाबा साहेब और भगत सिंह को सबसे ज्यादा आदर्श मानते हैं। हमारी दिल्ली और पंजाब सरकार ने आदेश पारित कर दिया है कि हर दफ्तर के अंदर इन दोनों की तस्वीर लगाई जाएगी। केंद्र सरकार के किसी भी दफ्तर में जाओ तो वहां पर प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति की तस्वीर मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली सरकार के दफ्तर में अरविंद केजरीवाल या आतिशी की तस्वीर नहीं मिलेगी। वहां पर बाबा साहेब और भगत सिंह की तस्वीर मिलेगी। मैं जिस घर में रहता हूं, वहां पर भी बाबा साहेब की तस्वीर लगी है हम उन्हें इतना मानते हैं।

# पिछले 7 वर्षों में भारतमाला परियोजना के तहत 18,714 किलोमीटर राजमार्गों का हुआ निर्माण : नितिन गडकरी

नई दिल्ली ,संसद में दी गई जानकारी के अनुसार, भारतमाला परियोजना के तहत 31 अक्टूबर, 2024 तक कुल 26,425 किलोमीटर लंबाई वाली राजमार्ग परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है और 18,714 किलोमीटर लंबाई वाले राजमार्गों का निर्माण किया गया है। भारतमाला परियोजना को भारत सरकार ने 2017 में मंजूरी दी थी, जिसमें देश में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने और लॉजिस्टिक लागत को कम करने के लिए 34,800 किलोमीटर की लंबाई वाले राजमार्गों का निर्माण शामिल है। सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा में एक लिखित जवाब में कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने इस साल 30 अक्टूबर तक भारतमाला परियोजना के तहत 4.72 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बंदरगाह और



तटीय संपर्क सडक़ श्रेणी के तहत, 424 किलोमीटर लंबाई वाली 18 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है और अब तक 189 किलोमीटर का निर्माण किया गया है। भारतमाला योजना के तहत अलग–अलग परियोजनाएं गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल सहित अलग–अलग तटीय राज्यों में विभिन्न प्रमुख और छोटे बंदरगाहों को कनेक्टिविटी प्रदान कर रही हैं। एक दूसरे सवाल के जवाब में नितिन गडकरी ने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर 81,540 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत कुल 3,856 किलोमीटर लंबाई वाली 190 परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। सभी निर्माणाधीन कार्यों को सितंबर 2028 तक पूरा करने की योजना है। राज्य में सभी एनएच कार्यों के लिए राज्यवार और वर्षवार आवंटन किया जाता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2024–25 के दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्र में एनएच कार्यों के लिए कुल 19,338 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने के लिए कदम उठाए गए हैं। इनमें भूमि अधिग्रहण को सुव्यवस्थित करना और विवाद समाधान मैकेनिज्म को नया रूप देना शामिल है।

भूमि अधिग्रहण, मंजूरी के मामले में पर्याप्त तैयारी के बाद ही परियोजनाएं आवंटित की जा रही हैं, ताकि बाद में होने वाली देरी से बचा जा सके। संबंधित मंत्रालयों और राज्य सरकारों के साथ कोर्डिनेशन किया जा रहा है और काम में तेजी लाने के लिए विभिन्न स्तरों पर नियमित समीक्षा की जा रही है।

### पटियाला : दिल्ली कूच में किसान की मौत

पटियाला ,दिल्ली कूच के दौरान एक किसान की मौत की खबर सामने आई है। मृतक किसान, रणजोध सिंह, किसानों की प्रताड़ना से परेशान होकर सलफास निगल लिया था। उनका इलाज पटियाला के राजिंदरा अस्पताल में चल रहा था, लेकिन उनकी हालत गंभीर बनी रही और उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शेरे पंजाब किसान यूनियन के अध्यक्ष गुरिंदर सिंह भंगू ने राजिंदरा अस्पताल पहुंचकर मृतक किसान रणजोध सिंह के मामले में प्रशासन से बातचीत शुरू कर दी। गुरिंदर सिंह भंगू ने प्रशासन से आग्रह किया कि जब तक वह किसान के परिवार से उचित संवाद नहीं करेंगे, तब तक रणजोध सिंह का पोस्टमॉर्टम नहीं किया जाएगा। गुरिंदर सिंह भंगू ने कहा, रणजोध सिंह का स्वाभाविक निधन नहीं हुआ है। वह अपने ऊपर हो रहे अत्याचार और किसानों पर हो रहे जुल्मों को देखकर इतना हताश हो गए थे कि उन्होंने यह गंभीर कदम उठाया। हम प्रशासन से न्याय की उम्मीद रखते हैं। यह घटना किसानों के लिए एक बड़ा आघात साबित हुई है और यह प्रदर्शन की गंभीरता को और बढ़ा सकती है। किसान यूनियनों का कहना है कि यह कदम सरकार की नीतियों और प्रशासनिक कार्रवाई से दुखी होकर उठाया गया है।

## प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

# यूपी और हरियाणा के लिए टीमें होंगी गठित

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के साथ एनसीआर में लगातार बढ़ते प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाई है। प्रदूषण से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए देश के सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के अंतर्गत आने वाले राज्यों को आदेश दिया कि वे सभी ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (फअढ–4) के तहत प्रदूषण से बचने वाले उपायों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। कोर्ट ने यह भी कहा कि इसके क्रियान्वयन के लिए विभिन्न अधिकारियों की टीमें गठित की जानी चाहिए। इन राज्यों में एनसीआर क्षेत्र में आने वाले यूपी और हरियाणा शामिल हैं।

**एनसीआर के राज्यों को आदेश**

सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने ये आदेश उस दौरान दिया जब एससी को बताया गया कि वायु गुणवत्ता खराब होने के कारण दिल्ली–एनसीआर में फिर से फअढ–कश् को लागू कर दिया गया है। पीठ ने निर्देश देते हुए कहा कि हम एनसीआर राज्यों को अफढ– कश् उपायों के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए पुलिस, राजस्व अधिकारियों की टीमों का गठन करने का निर्देश देते हैं। हम यह कहते हैं कि इस टीम में बनाए गए सदस्य इस न्यायालय के अधिकारी के रूप में काम करेंगे। वे नियमित रूप से अनुपालन और उल्लंघनों की रिपोर्ट सीएक्यूएम को सौंपेंगे ताकि सभी संबंधितों द्वारा तत्काल कार्रवाई की जा सके।

# जयपुर में इवेंट और टेंट कारोबारियों पर आयकर विभाग का छापा

जयपुर ,शहर में गुरुवार सुबह आयकर विभाग ने टेंट कारोबारियों और इवेंट कंपनियों से जुड़े व्यापारियों के ठिकानों पर व्यापक छापेमारी की है। यह कार्रवाई सुबह 7:30 बजे शुरू हुई, जिसमें विभाग की टीमें एक साथ शहर के 24 से अधिक स्थानों पर पहुंचीं।छापेमारी के तहत बनीपार्क, झोटवाड़ा, विद्याधर नगर, मालवीय नगर, राजा पार्क, आदर्श नगर और वीकेआई जैसे इलाकों को टारगेट किया गया। तलाशी में प्रमुख नामों में तालुका टेंट, भावना चारण, प्रितेश शर्मा, आनंद खंडेलवाल, गुंजन सिंघल और जय ओबराय कैटर्स शामिल हैं।

इस ऑपरेशन में 140 आयकर अधिकारियों, 70 ड्राइवरों, और 80



पुलिसकर्मियों की टीमें तैनात की गईं। तलाशी व्यापारी के घरों, दफ्तरों, और गोदामों तक विस्तारित की गई है। छानबीन में पाया गया कि कई जगह बिल बुक नहीं मिली, जिससे नकद लेनदेन और टैक्स चोरी की संभावना का पता चलता है। ऑनलाइन रिकॉर्ड और डिजिटल डेटा को भी खंगाला जा रहा है।

प्रारंभिक जांच में संकेत मिला है कि ये व्यापारी अधिकांशतः ग्राहकों से ऑफलाइन भुगतान ले रहे थे, जिससे टैक्स चुकाने में गड़बड़ी की संभावना है। आयकर विभाग अब इनकी लेखा पुस्तकों और डिजिटल लेनदेन की गहराई से जांच कर रहा है। इस छापेमारी का उद्देश्य बड़ी शादियों और इवेंट में हो रहे अघोषित लेनदेन और टैक्स चोरी के मामलों का खुलासा करना है। फिलहाल तलाशी अभियान जारी है और अधिक जानकारी जल्द आने की संभावना है।

### युवक की फंदे में लटकने से मौत

रुद्रपुर। नगर के हाथीखाना मोहल्ले में किराये में रह रहे युवक की फंदे से लटकने से मौत हो गयी। बुधवार की रात्रि में 30 वर्षीय प्रदीप कुमार पुत्र भूप राम ने किराये के घर में पंखे से लटक गया। पंखा नीचे गया। प्रदीप भी पंखे के साथ नीचे गिर गया। आवाज सुन दूसरे कमरे से पत्नी कमरे में पहुंची। वहां प्रदीप बेसुध पड़ा था। परिजन प्रदीप को उप जिला चिकित्सालय ले गये। जहां ईलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अस्पताल से सूचना मिलने पर पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। पत्नी किरन देवी ने घटना के बारे में पुलिस को जानकारी दी। किरन ने पुलिस को बताया कि प्रदीप दूध सप्लायर का काम करता था। पुलिस ने पंचनामा भरा। मृतक के गले मे निशान था।

# राहुल गांधी ने सांसदों पर हमला किया, देश से माफी मांगे कांग्रेस : किरेन रिजिजू

नई दिल्ली , भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत गुरुवार को संसद भवन की सीढियों से गिर कर चोटिल हो गए। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर धक्का देने का आरोप लगाया। दोनों को आरएमएल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने इस मामले को लेकर संसद में अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी माफी मांगनी चाहिए।

राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, इस तरह से कोई हाथ नहीं उठा सकता। माननीय अध्यक्ष जी, जिस तरह से राहुल गांधी ने दो सांसदों पर हमला किया, उससे हमारे सदस्यों में बहुत आक्रोश है। यदि हम भी वैसा ही व्यवहार करें और अपने हाथ भी वैसे ही



उठाएं, तो स्थिति क्या होगी? हमारे पास संख्याबल है और हम डरपोक नहीं है। अगर हमारे लोग भी राहुल गांधी जैसे हाथ उठाने लगेंगे तो लोकतंत्र कैसे चलेगा। कांग्रेस पार्टी को सिर्फ संसद से नहीं पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए।

धक्का कांड को लेकर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह संसदीय इतिहास का काला दिन है। मर्यादा तार–तार हो गई है। लोकतंत्र कलंकित हुआ है। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की गुंडागर्दी जैसा कोई दूसरा उदाहरण इससे बड़ा नहीं हो सकता। भारत के संसदीय इतिहास में ऐसा आचरण कभी नहीं देखा गया।अगर वे हरियाणा और महाराष्ट्र हार गए तो वे अपनी हताशा संसद में क्यों व्यक्त कर रहे हैं? लोकतंत्र में आचरण को समझने के लिए राहुल गांधी और कांग्रेस के लोगों को प्रशिक्षित करने के लिए एक कार्यशाला बुलाई जानी चाहिए। मैं इस घटना से दुखी हूं।

## सम्पादकीय

# दहेज कानून का दुरुपयोग

हमारे समाज में महिला उत्पीड़न के मामले बढ़ रहे है लेकिन इन पर अब सवाल भी खड़े हो रहे हैं। उत्पीड़न गलत है लेकिन उत्पीड़न के आरोप जब किसी दूसरे का ही उत्पीड़न करने का माध्यम बन जाए तो इसे कानून का दुरुपयोग ही कहा जाएगा। इन दिनों बेंगलुरु के एक एआई इंजीनियर की आत्महत्या का मामला पूरे देश में सुर्खियों का केंद्र बना हुआ है। एक परिवार से जुड़ा हुआ है जिसमें मियां बीवी के अलावा एक बच्चा भी है। विडंबना यह है कि परिवार का मुखिया अब इस दुनिया में नहीं है क्योंकि उसने अपनी पत्नी, ससुरालयों एवं न्यायिक व्यवस्था के उत्पीड़न से तंग आकर आत्महत्या कर ली। लगभग 1 घंटे के अपने वीडियो में एआई इंजीनियर ने जो तथ्य सामने रखे हैं वह हमारी पूरी सामाजिक व्यवस्था को कटघरे में खड़ा करती है। साथ ही न्यायिक व्यवस्था पर भी काफी गंभीर सवाल खड़े किए गए हैं जिसमें एक व्यक्ति को किस तरह से कानूनी प्रक्रिया के तहत प्रताड़ित किया जाता है इसका बखान किया गया है। आरोपों में महिला न्यायाधीश को भी मृतक द्वारा कटघरे में खड़ा किया गया है, जिससे न्यायिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हुए हैं। दहेज उत्पीड़न जैसे कानून को लेकर न जाने कितने ही परिवार बर्बाद हो चुके हैं या फिर बर्बादी की कगार पर है। एआई इंजीनियर अतुल मोदी का किस्सा भी इसी कानून के इर्द–गिर्द घूमता है जिसने उसे फांसी पर लटकने के लिए विवश कर दिया। इस प्रकरण के बाद महिला द्वारा लगाए जाने वाले दहेज उत्पीड़न एवं घरेलू हिंसा के कानून पर भी सवाल उठने लगे हैं। विडंबना ही है कि उत्पीड़न सिर्फ विवाहित महिला तक सीमित कर दिया गया है जबकि कानून द्वारा अभी तक यह परिभाषित नहीं किया गया कि एक पुरुष भी उत्पीड़न का शिकार बन सकता है। शिकायतकर्ताओं द्वारा इस कानून का बेहद बेशर्मी और निर्भीकता के साथ पुरुषों के खिलाफ प्रयोग किया जा रहा है। सरकार को भी अब इस कानून के तहत बर्बाद होते परिवारों को बचाने की पहल करनी चाहिए ताकि महिलाएं और उनके साथ देने वाले किसी एक पुरुष के परिवार को अनावश्यक तौर पर परेशान ना कर सके। आईपीसी 498 ए अर्थात दहेज उत्पीड़न से संबंधित यह धारा असल में अब अधिकांश मामलों में पति एवं उसके परिवार के लोगों को जबरन फसाने के लिए ही प्रयोग में लाई जा रही है। आज इसमें व्यापक परिवर्तन की जरूरत है साथ ही जांच एजेंसी को भी किसी भी प्रकार के ऐसे मामले में थोड़ी संवेदनशीलता बरतनी चाहिए और यह जरूर ध्यान देना चाहिए कि निराधार आरोपों के शिकंजे में कितने लोग बर्बाद हो सकते हैं। अदालतो से तो न्याय की उम्मीद की जाती है लेकिन यदि अदालत के अंदर ही एआई इंजीनियर के आरोपों जैसा नजारा देखने को मिलेगा तो फिर न्याय की उम्मीद भी ना मात्र को ही रह जाती है।

# इस गंभीर मसले से सही तरीके से निपटना जरूरी

**भगवती प्र. डोभाल**

हाल ही में नाबालिग बच्चियों और एक महिला को पुलिस ने मानव तस्करों के गैंग से मुक्त कराया। घटना उत्तरी पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर की है। दक्षिणी परगना (पश्चिमी बंगाल) की 14 वर्षीय नाबालिग लडक़ी के लापता होने की प. बंगाल पुलिस तहकीकात कर रही थी, तब उन्हें सूचना मिली कि लडक़ी दिल्ली में है। उन्होंने दिल्ली पुलिस से सहायता मांगी। जांच में पता चला कि नाबालिग शाहदरा या उत्तर पूर्व दिल्ली में है। छानबीन में पता चला कि मंजली बीवी और उसका पति हसन इस तस्कर गिरोह के सरगना हैं।

इससे पूर्व सीबीआई ने तीन ऐसे नवजात शिशुओं को तस्करों से दिल्ली में मुक्त कराया जो पैदा ही हुए थे और उन्हें बेचने वाले सामने आए। इनमें से दो बच्चे डेढ़ दिन, तीसरा 15 दिन का था और लडक़ी एक महीने की थी। इसमें सीबीआई ने उत्तर प्रदेश के गोरखपुर और पंजाब में छापे मारे। इन तहकीकात से पता चला कि अस्पतालों के कर्मचारी, बिचौलियों और तस्करों का जाल बिछा हुआ है। तस्करों के इन सरगनाओं की भी गिरफ्तारी हुई, जिसमें पुलिस को पता चला कि नीरज सोनीपत हरियाणा और इंदु पवार दिल्ली के पश्चिम विहार के रहने वाले हैं।

> **दिल्ली पुलिस से सहायता मांगी। जांच में पता चला कि नाबालिग शाहदरा या उत्तर पूर्व दिल्ली में है। छानबीन में पता चला कि मंजली बीवी और उसका पति हसन इस तस्कर गिरोह के सरगना हैं। इससे पूर्व सीबीआई ने तीन ऐसे नवजात शिशुओं को तस्करों से दिल्ली में मुक्त कराया जो पैदा ही हुए थे और उन्हें बेचने वाले सामने आए। इनमें से दो बच्चे डेढ़ दिन, तीसरा 15 दिन का था और लडक़ी एक महीने की थी। इसमें सीबीआई ने उत्तर प्रदेश के गोरखपुर और पंजाब में छापे मारे। इन तहकीकात से पता चला कि अस्पतालों के कर्मचारी, बिचौलियों और तस्करों का जाल बिछा हुआ है।**

उनका एक गिरफ्तार साथी असलम पटेल नगर का है। सीबीआई के सूत्रों के अनुसार मालवीय नगर की अंजली, जो खरीदार की जानकारी देती थी, को भी गिरफ्तार किया गया। तीन और महिलाओं पूजा कश्यप, ऋतु और कविता को भी गिरफ्तार किया गया। इन महिलाओं का काम होता था कि खरीदे हुए बच्चों का तब तक रख–रखाव करना, जब तक बच्चों के खरीदार न मिल जाएं। बच्चों के व्यापार में ऐसे भी लोग पाए गए, जिनकी संतान नहीं है, वे गोद लेने के लिए प्रयास करते हैं। सीबीआई के अनुसार छापेमारी में पता चला कि एक बच्चे की कीमत पांच लाख रुपये तक दी गई। सीबीआई ने उत्तर पश्चिम दिल्ली केशवपुरम से दो बच्चों को छुड़ाया। मानव तस्करों के पास सभी फर्जी कागजात को तैयार करने के तरीके थे।वे गोद लेने के पेपर भी फर्जी बनाते थे। सीबीआई ने उन माता–पिताओं को भी ढूंढा है, जिनके बच्चे चोरी हुए थे, फिर चोरी किए बच्चों को असली माता–पिताओं के हवाले कर दिया। सीबीआई देश के कृत्रिम गर्भाधान केंद्रों पर भी नजर रखे हुई थी, इस अभियान में जयपुर में भी रेड डाली गई थी, वहां पर आरती नाम की महिला पैदा हुए बच्चों के व्यापार में संलग्न थी, एक दिन का बच्चा भी उसके पास था। यह बच्चों के व्यापारी पहले नवजात शिशुओं को इक्_ा करते थे, उसके बाद जरूरतबंद लोगों को खोजते थे। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार हर वर्ष 40 हजार बच्चों का अपहरण किया जाता है, जिनमें 11 हजार का कोई पता नहीं चल पाता। बाल तस्करी के पीछे कुछ मूल कारण हैं–गरीबी, शिक्षा की कमी और अपने परिवार को आर्थिक रूप से मदद करने की जरूरत। दूसरी ओर सरकार तस्करी के उन्मूलन के लिए न्यूनतम मानकों को पूरा नहीं करती, केवल प्रयासभर ही चल रहे हैं।

देश के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों पर केंद्र सरकार की नीतिगत निगरानी के साथ, तस्करी विरोधी प्रयासों की प्राथमिक जिम्मेदारी थी। इन प्रयासों में मानव तस्करी के अधिक मामलों की जांच करना, कई तस्करी मामलों पर विदेशी सरकारों के साथ सहयोग करना और बंधुआ मजदूरी के लिए अधिक तस्करों को दोषी ठहराना शामिल था। राष्ट्रीय महिला आयोग ने मानव तस्करी विरोधी इकाइयों की क्षमता बनाने के लिए एक नई तस्करी विरोधी इकाई शुरू की। सरकार ने तस्करी सहित अपराध के शिकार बच्चों के लिए सुरक्षा सेवाओं के राज्य और क्षेत्र विस्तार का समर्थन करने के लिए एक नये कार्यक्रम को मंजूरी दी जो सही ढंग से कार्य नहीं कर रहा है।

एक रिपोर्ट के अनुसार दर्ज किए गए मामालों की संख्या के आधार पर सबसे अधिक मानव तस्करी की घटनाओं वाले शीर्ष तीन राज्य पश्चिम बंगाल, राजस्थान और गुजरात हैं। अपराध दर के आधार पर सबसे अधिक मानव तस्करी की घटनाओं वाले राज्यों में प. बंगाल सबसे आगे है। ध्यान देने की आवश्यकता है कि हमारी सरकारी एजेंसिया कितनी तेजी से अपराधों को पकडऩे में सहायक होती हैं। सामाजिक सुरक्षा एक प्रमुख मुद्दा है। किसी देश की पहचान इसी के आधार पर आंकी जाती है। केंद्र सरकार और राज्य सरकारों का दायिव है कि इस गंभीर मसले से सही तरीके से निपटें, क्योंकि बगैर इसके हम बहुत सारे नौनिहालों को बलि की बेदी पर बिठा रहे हैं।

# वैश्विक ऊंचाई पर भारतीय खिलौना कारोबार

**डॉ० जयंतीलाल**

व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा हालिया प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के खिलौना उद्योग ने वित्त वर्ष 2014–15 से 2022–23 के बीच तेज प्रगति की है। इस अवधि में निर्यात में 239 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई, जबकि आयात में 52 प्रतिशत तक की कमी आयी। इससे यह रेखांकित होता है कि ह्यमेक इन इंडियाह्न अभियान से भारत का खिलौना उद्योग वैश्विक ऊंचाई पर है। इस अभियान ने चीन को झटका देते हुए खिलौना निर्माण को भारत के लिए फायदे का सौदा साबित कर दिया है। चीन से खिलौनों की खरीदारी करने वाले कई देश अब भारत का रुख कर रहे हैं। यह कोई छोटी बात नहीं हैं क्योंकि कोई एक दशक पहले खिलौनों की भारत से मुश्किल से ही किसी तरह की खरीद होती थी। इस समय हैस्ब्रो, मैटल, स्पिन मास्टर और अर्ली लर्निंग सेंटर जैसे खिलौने के वैश्विक ब्रांड आपूर्ति के लिए भारत पर अधिक निर्भर हैं। इटली की दिग्गज कंपनी ड्रीम प्लास्ट, माइक्रोप्लास्ट और इंकास आदि भी अपना ध्यान चीन से हटाकर भारत पर केंद्रित कर रही हैं। पांच–छह वर्ष पहले तक भारत खिलौनों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर था और 80 फीसदी से अधिक खिलौने चीन से आयात किये जाते थे। विभिन्न सर्वेक्षणों में लगातार कहा जा रहा था कि चीन से आयातित दो–तिहाई खिलौने असुरक्षित थे। उनमें सीसा, कैडमियम और बेरियम जैसे असुरक्षित तत्व पाये गये थे।भारतीय खिलौना उद्योग की बहुत कम समय में हासिल ऐसी सफलता की कभी किसी ने कल्पना तक नहीं की थी। भारत का खिलौना निर्यात पांच–छह वर्षों में तेजी से बढ़कर 2,600 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। भारत से अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, ऑस्ट्रेलिया, यूएइ, दक्षिण अफ्रीका सहित कई देशों को खिलौने निर्यात किये जा रहे हैं। इस समय भारतीय खिलौना उद्योग का कारोबार करीब 1.5 अरब डॉलर का है, जो वैश्विक बाजार हिस्सेदारी का 0.5 फीसदी मात्र है, पर जिस तरह इस उद्योग को प्रोत्साहन दिया जा रहा है, उससे इसके इसी वर्ष तीन अरब डॉलर तक होने की संभावना है। इस बढ़ोतरी के कई कारण हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बार–बार देश के लोगों से स्वदेशी भारतीय खिलौने खरीदने, घरेलू डिजाइनिंग सुदृढ़ बनाने, भारत को खिलौनों के लिए एक वैश्विक विनिर्माण हब बनाने की अपील की है। बिक्री के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआइएस) की मंजूरी जरूरी होना, संरक्षणवाद, चीन–प्लस–वन रणनीति और मूल सीमा शुल्क बढ़ाकर 70 प्रतिशत करने जैसे उपायों से खिलौना उद्योग में तेजी आयी है। बीआइएस ने घरेलू निर्माताओं को 1,200 से अधिक लाइसेंस और विदेशी निर्माताओं को 30 से अधिक लाइसेंस प्रदान किये हैं।सरकार के प्रयासों से भारतीय खिलौना उद्योग के लिए अधिक अनुकूल विनिर्माण परितंत्र बनाने में मदद मिली है। वर्ष 2014 से 2020 तक की अवधि में विनिर्माण इकाइयों की संख्या दोगुनी हो गयी, जबकि आयातित वस्तुओं पर निर्भरता 33 प्रतिशत से घटकर 12 प्रतिशत हो गयी। वर्तमान में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमइ) मंत्रालय 19 खिलौना उत्पादन केंद्रों की मदद कर रहा है तथा वस्त्र मंत्रालय 13 केंद्रों को डिजाइनिंग करने और जरूरी साधन मुहैया कराने में सहयोग कर रहा है। स्वदेशी खिलौनों को बढ़ावा देने और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए कई प्रचार पहल भी की गयी हैं, जिनमें इंडियन टॉय फेयर 2021, टॉयकैथॉन आदि शामिल हैं। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने घटिया स्तर के खिलौनों के आयात पर अंकुश लगाने के लिए प्रत्येक आयात खेप का नमूना परीक्षण अनिवार्य कर दिया है। वर्ष 2014–15 के बाद से इस बार के अंतरिम बजट तक में लगातार सरकार ने खिलौना उद्योग के विकास के लिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से प्रोत्साहन और समर्थन देने की पहल की है।

# बैटरी रीसाइक्लिंग जरूरी

धरती के बढ़ते तापमान को नियंत्रित करने तथा जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन एवं उपभोग बढ़ाना आवश्यक है। इस सिलसिले में दुनियाभर में इलेक्ट्रिक वाहनों (इवी) को अपनाने पर जोर दिया जा रहा है। भारत में वित्त वर्ष 2023–24 में 8.50 लाख इलेक्ट्रिक दुपहिया वाहनों की बिक्री का अनुमान है। इसके अलावा, बैटरी चालित कारों, ढुलाई के छोटे वाहनों और यात्री बसों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। भारत समेत कई देशों में सरकारें इन वाहनों के निर्माताओं और ग्राहकों को भारी अनुदान भी मुहैया करा रही हैं। कुछ दिन पहले ही भारत सरकार ने नयी इवी नीति को मंजूरी दी है, जिसके तहत विदेशी कंपनियों को अकेले या स्थानीय कंपनियों के साथ मिलकर वाहन एवं संबंधित कल–पुर्जों के निर्माण के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

दुनिया के अलग–अलग हिस्सों में उत्पादन और बिक्री बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में बैटरियों की मांग बढ़ना स्वाभाविक है। वर्ष 2030 तक हर वर्ष पांच टेरावाट घंटे की क्षमता की बैटरियों के उत्पादन का आकलन है। इसी के साथ बैटरियों की रीसाइक्लिंग करने और उनके विभिन्न तत्वों के पुनरुपयोग के उपायों पर भी विचार किया जा रहा है। अगले दशक में 10 करोड़ से अधिक बैटरियां सेवामुक्त हो जायेंगी। बैटरी रीसाइक्लिंग, विशेष रूप से लिथियम–आयन बैटरियों की, पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी आवश्यक हैं और ऐसा करने से संसाधनों का भी बेहतर इस्तेमाल संभव हो सकेगा। बैटरियों की मांग बढ़ने के साथ निकेल, कोबाल्ट, मैंगनीज, लिथियम और ग्रेफाइट जैसे खनिजों की मांग भी बढ़ रही है।

ऐसे खनिजों की उपलब्धता कम है और इनके साथ तांबा, एल्युमीनियम, जिंक आदि को जोड़ लें, तो अगर रीसाइक्लिंग ठीक ढंग से नहीं हुई, तो भविष्य में इनकी कीमतों में भारी वृद्धि हो सकती है। उस स्थिति में सस्ते और सतत ऊर्जा के वैश्विक प्रयासों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। बीस से अधिक देशों के साथ कई कंपनियों ने अपने उत्पादन लक्ष्य में बड़ी बढ़ोतरी की है। वर्ष 2030 तक दुनिया की सड़कों पर 14.5 करोड़ से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन हो सकते हैं। ऐसी बैटरियों की आवश्यकता वाहनों के अलावा, कंप्यूटर, लैपटॉप, मेडिकल से जुड़ी चीजों, ड्रोन आदि के लिए भी है। ऐसे में रीसाइक्लिंग की जरूरत बहुत बढ़ जाती है। हालांकि इस संबंध में चर्चाएं हो रही हैं, पर जानकारों को आशंका है कि बैटरी रीसाइक्लिंग की हालत भी कहीं इलेक्ट्रॉनिक कचरे और प्लास्टिक के असफल निष्पादन की तरह न हो जाए। इसलिए यह जरूरी हो जाता है कि सरकारें और कंपनियां ठोस रणनीति निर्धारित करें।

# बढ़ता पारिवारिक कर्ज

हमारे देश में हाल के वर्षों में पारिवारिक कर्ज में बढ़ोतरी अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत नहीं है। वित्तीय सेवाएं मुहैया कराने वाली कंपनी मोतीलाल ओसवाल की ताजा रिपोर्ट में बताया गया है कि दिसंबर 2023 में घरेलू कर्ज अपने सर्वाधिक स्तर पर पहुंच गया। सकल घरेलू उत्पादन (जीडीपी) में पारिवारिक ऋण का अनुपात 40 प्रतिशत हो गया है। साथ ही, जीडीपी में पारिवारिक बचत का अनुपात लगभग पांच प्रतिशत रह गया है, जो ऐतिहासिक रूप से सबसे कम है।

उल्लेखनीय है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछले वर्ष सितंबर में बताया था कि परिवारों की बचत का अनुपात वित्त वर्ष 2022–23 में 5.1 प्रतिशत हो गया, जो 47 वर्षों में सबसे कम है। यह सही है कि बचत कम कर और कर्ज लेकर बहुत से लोग परिसंपत्तियां या उपभोक्ता वस्तुएं खरीदते हैं। ऐसे लोग भविष्य में अपनी आमदनी को लेकर आश्वस्त रहते हैं या उन्हें अपने निवेश से लाभ होने की आशा रहती है। लेकिन विभिन्न आंकड़ों के साथ बचत में कमी और कर्ज बढ़ने के मसले को देखें, तो चिंताजनक तस्वीर उभरती है।

वित्त वर्ष 2022–23 में घरेलू कर्ज जीडीपी के 38 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गया था। इससे अधिक आंकड़ा केवल 2020–21 में रहा था, जो कि महामारी की भयावह मार का साल था। हालिया रिपोर्ट में यह रेखांकित किया गया है कि घरेलू कर्ज में वृद्धि में सबसे प्रमुख हिस्सा पर्सनल लोन का है। उल्लेखनीय है कि ऐसे लोन में ब्याज की दर भी बहुत अधिक होती है। माना जाता है कि पर्सनल लोन बहुत मजबूरी में ही लोग लेते हैं। क्रेडिट कार्ड से खर्च और डिफॉल्ट में भी वृद्धि हो रही है। रिजर्व बैंक पहले ही असुरक्षित कर्जों के बारे में बैंकों को सचेत रहने की सलाह दे चुका है।

हालांकि वृद्धि दर उत्साहजनक है, लेकिन आमदनी में बढ़ोतरी अपेक्षा के अनुसार नहीं है। महंगाई की वजह से भी परिवारों पर दबाव बढ़ा है। मुद्रास्फीति के मोर्चे पर कुछ राहत मिली है, पर रिजर्व बैंक ने बार–बार कहा है कि यह अभी भी चिंता का कारण बना हुआ है। इसी कारण से हालिया मौद्रिक समीक्षा में ब्याज दरों में कटौती नहीं की गयी है। चूंकि आमदनी में बढ़त धीमी है, तो उसका असर उपभोग पर पड़ना स्वाभाविक है।


वित्त वर्ष 2023–24 में पारिवारिक निवेश और निजी उपभोग दोनों में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गयी है। यदि बचत बढ़ाने, असुरक्षित कर्ज घटाने तथा उपभोग बढ़ाने पर समुचित ध्यान नहीं दिया गया, आर्थिक स्थिरता पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। आर्थिक विकास का लाभ आबादी के अधिकाधिक हिस्से तक पहुंचे। इस दिशा में ठोस प्रयासों की आवश्यकता है। बचत और कर्ज में संतुलन बनाने पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

# फियर के साथ साल का अंत करना शानदार रहा : वेधिका कुमार

अभिनेत्री वेधिका कुमार अपनी हालिया रिलीज फियर को लेकर उत्साहित हैं। साल के अंत को लेकर अभिनेत्री ने कहा, फियर के साथ साल का अंत करना अविश्वसनीय रूप से फायदेमंद और शानदार रहा।

अभिनेत्री ने हालिया रिलीज फियर के साथ इस साल रिलीज अपनी अन्य पांच फिल्मों के बारे में भी बताया।

वेधिका ने कहा, जब ईश्वर की कृपा होती है, तो जादू होता है। 2023 से मेरी यात्रा ऐसी ही रही है और मैं अपने प्रशंसकों, दुनिया और अपने शुभचिंतकों के प्रति कृतज्ञता से भरी हुई हूं। एक साल में पांच फिल्में रिलीज होना वास्तव में



खास है, खासकर जब हर प्रोजेक्ट मुझे अलग–अलग तरीकों से चुनौती देता है और मुझे अपनी बहुमुखी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। साल की मजबूत शुरुआत करना और अब इसे फियर के साथ समाप्त करना अविश्वसनीय रूप से फायदेमंद लगता है। मैं सराहना के लिए आभारी हूं और मुझे उम्मीद है कि यह गति मुझे 2025 में और भी अधिक ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी। फियर का ट्रेलर आर. माधवन ने जारी किया था। वेधिका उनके साथ गर्मजोशी से भरा गहरा रिश्ता शेयर करती हैं। वेधिका की झोली में कई शानदार प्रोजेक्ट हैं। इसमें एक तमिल फिल्म भी शामिल है। वेधिका कुमार मुख्य रूप से तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम फिल्मों में काम करती हैं। अपने शोबिज करियर की शुरुआत में वह ज्यादातर मॉडलिंग असाइनमेंट में दिखाई दीं। अभिनेत्री को मद्रासी में मुख्य भूमिका निभाने के लिए अर्जुन ने संपर्क किया था।

## टेस्ट क्रिकेट: मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज

नईदिल्ली, ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी 2024–25 खेली जा रही है। सीरीज का चौथा मुकाबला 26 दिसंबर से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा।यह सीरीज अभी 1–1 की बराबरी पर है। ऐसे में दोनों टीमों के लिए चौथा मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण होने वाला है।मेलबर्न के मैदान पर कई ऐसे भारतीय बल्लेबाज हैं, जिनका प्रदर्शन कमाल का रहा है। ऐसे में आइए उनके आंकड़ों पर एक नजर डाल लेते हैं।

इस सूची में पहले स्थान पर भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर हैं। उन्होंने इस मैदान पर साल 1991 में अपना पहला मुकाबला खेला था।आखिरी बार वह यहां 2011 में खेलते हुए नजर आए थे।मेलबर्न के मैदान पर सचिन ने 5 मैच की 10 पारियों में 44.90 की औसत से 449 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 1 शतक और 3 अर्धशतक निकले थे। उनका यहां सर्वश्रेष्ठ स्कोर 116 रन रहा था। दूसरे स्थान पर अजिंक्य रहाणे हैं। उन्होंने साल 2014 में यहां पहला टेस्ट खेला था। अब तक इस खिलाड़ी ने 3 मुकाबले खेले हैं और इसकी 6 पारियों में 369 रन बनाए हैं।

# विराट कोहली की मेलबर्न एयरपोर्ट पर हुई ऑस्ट्रेलिया मीडिया से भिड़त

नईदिल्ली,भारतीय क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बीच खेली जा रही बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी (2024–25) का चौथा टेस्ट मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाना है।इस मुकाबले के लिए भारतीय टीम के मेलबर्न पहुंच चुकी है।इसी दौरान एयरपोर्ट पर स्टार भारतीय खिलाड़ी विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया मीडिया से भिड़ गए।रिपोर्ट्स हैं कि वे उन्हें परिवार की फोटो लेने से मना कर रहे थे, लेकिन चैनल–7 के कैमरामैन नहीं माने। इस कारण कोहली को गुस्सा आ गया।कोहली को जवाब देते हुए ऑस्ट्रेलियन मीडिया ने कहा कि एयरपोर्ट पब्लिक की प्रॉपर्टी है।बता दें किकोहली अपने परिवार को मीडिया से दूर रखना पसंद करते हैं। कई बार उन्हें अपने बच्चों



की तस्वीर नहीं लेने की बातें कहते हुए देखा गया है।इस सीरीज में पर्थ टेस्ट के शतक को छोड़ दें तो उनका बल्ला कुछ खास कमाल नहीं कर पाया है। उन्होंने 4 अन्य पारियों में सिर्फ 26 रन बनाए हैं।

कल की कोहली ने अचानक संन्यास का ऐलान लेने वाले रविचंद्रन अश्विन के लिए सोशल मीडिया पर लिखा, 'मैंने आपके साथ 14 साल तक खेला और अब आप संन्यास ले रहे हैं तो मैं थोड़ा भावुक हो गया। आपके साथ खेले गए उन सभी सालों की यादें मेरे सामने आ गईं। मैंने आपके साथ हर पल का आनंद लिया है, आपका भारतीय टीम के लिए योगदान बेमिसाल है और आपको हमेशा क्रिकेट के दिग्गज के रूप में याद किया जाएगा।'कोहली का फॉर्म अभी कुछ खास नहीं चल रहा है। ऐसे में चौथे टेस्ट में उनसे एक बड़ी पारी की उम्मीद होगी।भारतीय दिग्गज ने मेलबर्न के मैदान पर 3 टेस्ट मैच खेले हैं और इसकी 6 पारियों में 52.66 की औसत के साथ 316 रन बनाने में सफल रहे हैं।

# मोचा कॉफी का लुत्फ उठाती हुई शनाया कपूर ने कहा, मुझे मुस्कान मिली

फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू को तैयार शनाया कपूर ने सोशल मीडिया पर अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वह मोचा कॉफी का लुत्फ उठाती नजर आईं।

अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर कर शनाया कपूर ने कैप्शन में लिखा, मोचा तुमने मुझे मुस्कुराहट दी। तस्वीरों में अभिनेत्री की हाथ में कॉफी का मग दिखाई दे रहा है, जिसमें मोचा कॉफी है और वह उसे खुशी से पीती नजर आ रही हैं। सेल्फी के साथ ही उन्होंने अपने बरामदे और कॉफी मग की भी तस्वीर दिखाई। तस्वीरों में अभिनेत्री एकदम फ्रेश नजर आईं।



बॉलीवुड में अपनी पहली फिल्म के साथ धमाल मचाने को तैयार अभिनेत्री शनाया इस साल 25 साल की हो गई हैं। अपने जन्मदिन की तस्वीरें शेयर कर उन्होंने प्रशंसकों को बर्थडे पार्टी की झलक दिखाई थी। शनाया ने अपना 25वां बर्थडे संयुक्त अरब अमीरात में मनाया था। शनाया कपूर ह्यशक्तिह्न फेम संजय कपूर और महीप कपूर की बेटी हैं।

इस बीच शनाया के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री शशांक खेतान निर्देशित फिल्म ह्यबेधडक़ह्न से डेब्यू करने जा रही हैं। यह करण जौहर की होम प्रोडक्शन फिल्म है। इसके अलावा अभिनेत्री की झोली में और भी कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। शनाया कपूर साउथ सुपरस्टार मोहनलाल के साथ ह्यवृषभह्न में भी नजर आएंगी।

## सोनू सूद की फतेह में दिखेगा यो यो हनी सिंह का जादू, हिटमैन की बताई रिलीज डेट

अपनी पहली निर्देशित फिल्म ह्यफतेहह्न की रिलीज को लेकर एक्साइटेड अभिनेता सोनू सूद फैंस के साथ पल–पल के अपडेट शेयर करते हैं। सूद ने एक पोस्टर शेयर कर फैंस को बताया कि फिल्म के नए गाने ह्यहिटमैनह्न में हनी सिंह का जादू दिखेगा। अपकमिंग फिल्म फतेह के तडक़–भडक़ म्यूजिक से सजे गाने का टाइटल ह्यहिटमैनह्न है और इसमें सोनू सूद का कमाल और रैपर हनी सिंह का स्वैग एक साथ देखने को मिलेगा। गाने के पोस्टर को शेयर कर अभिनेता ने कैप्शन में लिखा, खुश होने के लिए तैयार हो जाइए। हिटमैन गाना 17 दिसंबर को रिलीज होगा! फतेह 10 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। हिटमैन में सोनू सूद के साथ हनी सिंह का शानदार कोलाब देखने को मिलेगा, 17 दिसंबर को आउट होगा!

पोस्टर में काले सूट बूट में सोनू सूद के साथ हनी सिंह खड़े नजर आए और दोनों हाथ में राइफल पकड़े हैं।

# इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले कई दिग्गज भारतीय क्रिकेटर लेंगे संन्यास

नईदिल्ली, भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार स्पिन गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन ने अचानक बुधवार (18 दिसंबर) को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया।उन्होंने यह फैसला तब लिया जब बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी 2024–25 के आने वाले मुकाबले मेलबर्न और सिडनी में खेले जाने हैं, जहां स्पिन गेंदबाजों को मदद मिलती है।ऐसा माना जा रहा है कि भारतीय क्रिकेट बड़े बदलाव के दौर से गुजरने वाली है। कई और अनुभवी खिलाड़ी अगले साल इंग्लैंड सीरीज से पहले संन्यास की घोषणा कर देंगे।

रिपोर्ट के अनुसार ऑस्ट्रेलिया सीरीज कई अनुभवी खिलाडियों की आखिरी सीरीज होगी। भारतीय टीम अगले साल जून–जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलेगी। अश्विन का संन्यास लेना इसी की शुरुआत है।अश्विन, विराट कोहली, रोहित शर्मा, अजिंक्य रहाणे, चेतेश्वर पुजारा और रविंद्र जडेजा वो खिलाड़ी हैं जो 2012 और 2013 के बीच भारतीय टीम में हुए बड़े बदलाव का हिस्सा थे।उस समय राहुल द्रविड़, सचिन तेंदुलकर और वीवीएस लक्ष्मण ने संन्यास लिया था। अश्विन को जब पहले टेस्ट में मौका नहीं मिला तभी उन्होंने संन्यास लेने का मन बना लिया था।हालांकि, कप्तान रोहित जब टीम के साथ जुड़े तो उन्होंने अश्विन को पिंक बॉल टेस्ट खेलने के लिए मना लिया।इसके बाद तीसरे टेस्ट में भी अश्विन को मौका नहीं मिला और उनकी जगह जडेजा खेले। कप्तान रोहित ने ये बात गाबा टेस्ट खत्म होने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही थी।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अश्विन के मामले में यह स्पष्ट नहीं है कि उन्हें कब, कहां और क्या संदेश मिला।हालांकि, जब 500 से ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी को पर्थ टेस्ट में मौका नहीं मिला और उनकी जगह वाशिंगटन सुंदर खेले। वह तभी समझ गए थे कि उन्हें अब ज्यादा मौके नहीं मिलेंगे।पहले 2 टेस्ट मैच में जडेजा को भी मौका नहीं मिला था। हालांकि, तीसरे टेस्ट में उन्होंने बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया। अश्विन ने 106 टेस्ट में 24 की औसत से 537 विकेट लिए। उन्होंने अपने करियर में 37 बार 5 विकेट हॉल लिए और उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 7/59 विकेट का रहा।

## एक नजर

### पत्नी की हत्या में पति को आजीवन कारावास

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने हल्दूखाता में पत्नी की हत्या करने वाले पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामला बीते वर्ष का है। घटना 26 सितंबर 2023 की है। घटनाक्रम के अनुसार हल्दूखाता निवासी टिंकू अपने ससुर व अन्य परिचितों के साथ कलालघाटी पुलिस चौकी में पहुंचा और अपनी पत्नी रूबी देवी (28 वर्ष) की गुमशुदगी की जानकारी दी। साथ आए लोगों का कहना था कि 25 सितंबर की दोपहर रूबी व टिंकू का झगड़ा हुआ था व झगड़े के दौरान ही दोनों पैदल ही मालन नदी की ओर चले गए। देर शाम टिंकू वापस आ गया, जबकि रूबी घर नहीं लौटी। पुलिस ने तलाश की तो हल्दूखाता में पालीटेक्निक कालेज से करीब डेढ़ किमी. दूर जंगल में रूबी का शव बरामद हो गया। मामले में मृतका रूबी के पिता की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर टिंकू को गिरफ्तार कर दिया। बाद में पुलिस ने अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिए। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता जीतेंद्र रावत ने बताया कि मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 11 गवाह पेश किए गए। जबकि बचाव पक्ष की ओर से कोई गवाह पेश नहीं हुआ। बताया कि तमाम गवाहों को सुनने के बाद अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीना नेगी ने मामले में टिंकू को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास सुनाया है।

### प्रतिनियुक्ति संबंधी आदेश का किया विरोध

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) की टीचर एजुकेशन फोरम पौड़ी शाखा की गुरुवार को हुई बैठक में शिक्षकों ने महानिदेशक शिक्षा के प्रतिनियुक्ति संबंधी आदेश पर विरोध जताया है। उन्होंने सात बिन्दुओं के नियमों का हवाला देकर डीजी शिक्षा के आदेश पर संशय जताया है। उन्होंने डीजी शिक्षा को न्यायोचित एवं विधि सम्मत निर्णय लेने की मांग उठाई है।

डायट प्राचार्य के माध्यम से भेजे गए ज्ञापन में फोरम के अध्यक्ष जगमोहन कठैत ने बताया कि डायट में प्रतिनियुक्ति होने पर भत्ते समय आदि की सेवा शर्तें होती हैं। बताया कि विगत कई वर्षों से विभिन्न स्त्रोतों से योग्यताधारी माध्यमिक शिक्षकों को चयन के बाद डायट एवं एससीईआरटी में पदस्थापित किया जाता है।

# कांग्रेस ने फूंका गृहमंत्री का पुतला

### डा. अंबेडकर के खिलाफ बयानबाजी पर जताया रोष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर के खिलाफ बयानजारी करने पर जिला कांग्रेस ने गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। कहा कि अंबेडकर के खिलाफ बयानबाजी कर गृहमंत्री ने दलितों का अपमान किया है।

गुरुवार को जिलाध्यक्ष विनोद डबराल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता तहसील चौक में एकत्र हुए और गृहमंत्री के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। विनोद डबराल ने गृहमंत्री के बयान को दलित विरोधी बताया। कहा कि डा. भीमराव आंबेडकर ने संविधान का निर्माण किया। गृहमंत्री ने डा. भीमराव आंबेडकर के खिलाफ इस प्रकार का ओछा बयान देकर अपनी घटिया मानसिकता का परिचय दिया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को दलित विरोधी बताया। कहा कि वंचित समाज के असली भगवान डा. भीमराव आंबेडकर है। उन्होंने समाज के हर वर्ग को संविधान रूपी सुरक्षा कवच दिया है। उन्होंने गृहमंत्री से देश से माफी मांगने की मांग की है। इस मौके पर बलवीर सिंह रावत, रमेश खंतवाल, प्रवेश रावत, वीरेंद्र सिंह रावत, रंजना रावत, सुधा असवाल, शहनाज शम्सी, महावीर सिंह रावत, दिनेश चौधरी, प्रदीप नेगी, कृपाल सिंह नेगी, राजीव जखमोला मौजूद रहे। वहीं, महानगर कांग्रेस कमेटी ने गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। कांग्रेस नेता संजय मित्तल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्त्ता झंडाचौक में एकत्र हुए, जहां पर उन्होंने गृहमंत्री के पुतले को आग के हवाले किया। कहा कि गृहमंत्री का बयान बहुत ही घटिया है। प्रधानमंत्री भी गृहमंत्री के बयान पर चुप्पी साधे है, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। कहा कि कांग्रेस पार्टी डा. भीमराव आंबेडकर के अपमान को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। इस मौके पर विजय रावत, डा. चंद्रमोहन खर्कवाल, सुदर्शन रावत, हेमचंद्र पंवार, सुनील सेमवाल, कमल बिष्ट, राजेंद्र असवाल, रजनीश उप्पल, अंकुश घिल्डियाल मौजूद रहे।



कोटद्वार के तहसील चौक में केंद्रीय गृह मंत्री का पुतला दहन करते कांग्रेसी

### कांग्रेसियों ने गृहमंत्री के खिलाफ निकाला जुलूस

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : कांग्रेस और अनुसूचित जाति मोर्चा ने गृहमंत्री अमित शाह पर डा. भीमराव आंबेडकर पर टिप्पणी करने पर रोष व्यक्त किया। इस दौरान आक्रोशित सदस्यों ने गृहमंत्री के खिलाफ प्रदर्शन भी किया। गुरुवार को कांग्रेस व अनुसूचित जाति मोर्चा ने डा. भीमराव आंबेडकर मूर्ति स्थल से डीएम कार्यालय तक गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ जुलूस निकाला।

इस दौरान युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहित सिंह व प्रदेश महासचिव आशीष नेगी ने कहा कि देश के गृहमंत्री के द्वारा दिया गया बयान बहुत ही शर्मनाक है। इस मौके पर अनुसूचित प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्रीकांत, प्रदेश महासचिव युवा संजना गुजराल, छात्रसंघ सचिव अमन नेगी, मुकुल कुमार,व्ला विजयदर्शन बिष्ट, कुलदीप रावत, नगर अध्यक्ष भारत रावत, यशोदा रावत, शिवप्रसाद रतूड़ी, आदि मौजूद थे।

## जागृति संस्था ने दी चेतावनी, 21 से करेंगे क्रमिक अनशन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार की सड़कों पर लगातार बढ़ रहे आवारा गोवंशों की संख्या पर जागृति गढ़वाल जनजागरण संस्था ने रोष व्यक्त किया है।

संस्था के अध्यक्ष मनीष भट्ट ने कहा कि 21 दिसंबर से संस्था नगर निगम व प्रशासन के खिलाफ अनशन कर गोवंश संरक्षण की मांग उठाएगी।

मनीष भट्ट ने उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। बताया कि गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार की सड़कों पर लगातार आवारा गोवंशों की संख्या बढ़ती जा रही है। आए दिन गोवंश राह चलते व्यक्तियों पर हमला कर उन्हें घायल कर रहे हैं। सबसे अधिक खतरा स्कूली बच्चों व बुजुर्गों को बना हुआ है। कुछ माह पूर्व पटेल मार्ग में एक गोवंश ने महिला पर हमला कर दिया था। महिला को बेस अस्पताल में उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया। यही नहीं झंडाचौक के समीप दो गोवंश लड़ते हुए एक दुकान के भीतर घुस गए थे। व्यापारी ने भागकर अपनी जान बचाई। दो दिन पूर्व बदरीनाथ मार्ग में एक होटल के भीतर भी गोवंश घुस गए थे, जिसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर भी काफी वायरल हुआ। बताया कि गोवंश रात के अंधेरे में काश्तकारों के खेतों में घुसकर उनकी फसल को चट कर देते हैं। जिससे काश्तकारों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। लगातार शिकायत के बाद भी नगर निगम व प्रशासन गोवंश संरक्षण को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहा। बताया कि संस्था 21 दिसंबर से तहसील परिसर में क्रमिक अनशन करेगी। साथ ही 26 दिसंबर से आमरण अनशन किया जाएगा।





पुलिस हिरासत में व्यक्ति

## धनराशि वसूलने पर दो गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पर्वतीय क्षेत्रों की ओर जा रहे ट्रकों से संयुक्त यातायात समिति (रजि.) के नाम पर धनराशि वसूलने पर पुलिस ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। कब्जे से 3500 रूपए की धनराशि भी बरामद की गई है। कोतवाली प्रभारी रमेश तनवार ने बताया कि गुरूवार को गश्त के दौरान जब पुलिस टीम सिद्धबली बैरियर के समीप पहुंची तो वहां कुछ लोग ट्रकों को रोक कर उनकी रसीद काटकर पैसा वसूलते नजर आए। जैसे ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो दो-तीन लोग इधर-उधर चले गए, जबकि दो को पुलिस ने दबोच लिया। दबोचे गए व्यक्ति ने स्वयं को नजीबाबाद रोड निवासी दिनेश सिंह व सुशील बताया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि उनके कब्जे से संयुक्त यातायात समिति (रजि.) की रसीद बुक व 3500 रूपए की नकदी बरामद हुई। बताया कि समिति के अध्यक्ष राकेश भट्ट से वार्ता की गई तो उन्होंने कहा कि समिति का उक्त दोनों से कोई मतलब नहीं है। दोनों का कहना था कि वे नई यूनियन बनाने के लिए कोष एकत्र कर रहे थे। इसलिए उन्होंने समिति पदाधिकारियों की जानकारी के बिना रसीद काटनी शुरू कर दी। बताया कि दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर दिया गया है।

## सानवी, मनस्वी, उमंग व अक्षित दौड़े सबसे तेज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : क्रेडल पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान डंबल रेस प्रतियोगिता में सानवी, मनस्वी, उमंग व अक्षित सबसे तेज दौड़े।

विद्यालय पसिर में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक रेणुका गुसांई, ऊषा सजवाण, राजकीय इंटर कालेज घमंडपुर की प्रधानाचार्या सुषमा दास ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ प्ले ग्रुप की डंबल रेस से हुआ, जिसमें अनिका प्रथम, ईशावनी द्वितीय व आरूषि व सावी तृतीय स्थान पर रहे। इसके बाद नर्सरी कक्षा की डंबल रेस करवाई गई। जिसमें सानवी, मनस्वी, उमंग व अक्षित प्रथम, अदित, अनन्या, हर्षित व अथर्व द्वितीय और अंशिका, सानवी, अथर्व व देवांश तृतीय रहे। मैचिंग कलर रेस में दिव्यांशी, रियांश, अंजनी, शिवांशी, श्रेयश प्रथम, पंक्ति, अतिशिक, दिव्यांशु, आरोही, अक्षित द्वितीय और काव्या, ऋतिक, अंशिका, आहना, यश तृतीय रहे। थ्रेड एंड बीड रेस में अलीशा, अनुज, काव्यांशी, सौरव व अंशु प्रथम, आरूषि, रक्षित, याशिका, अर्णव व नीरव द्वितीय और काव्या, नवनीत, श्रेयस, शगुन, याशवि, प्रिंस व दीक्षित तृतीय स्थान पर रहे। पिकअप ब्लाक्स रेस में आइशा, शौर्या, अरनवी व अंशित प्रथम, आरवी, अंश, रूही व अनुज द्वितीय और इशिता, आयांश, आरुषि व अंशुल तृतीय रहे। मेकिंग क्यूब ब्लाक्स में आव्या, काव्या, परिणीता प्रथम, आंचल, दिव्यांश, युग द्वितीय और अक्षित, महक, श्रीयांश तृतीय रहे। कप टावर मेकिंग रेस में अंशिका, आराध्या, खुशी, अक्षत प्रथम, अश्मिता, हार्दिक, समर्थ, वंशिका द्वितीय और अंशिका, धनंजय, पायल व नक्श तृतीय स्थान पर रहे।



कोटद्वार के क्रेडल पब्लिक स्कूल में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत करते अतिथिगण

## कर्मचारियों को महंगाई भत्ता व बोनस देने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : आश्वासन के बाद भी कर्मचारियों को महंगाई भत्ता व बोनस नहीं देने पर उत्तराखंड वन विकास निगम, कर्मचारी संगठन ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि कर्मचारियों की समस्या को लेकर गंभीरता से कार्य किया जाना चाहिए।

क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुराग भारद्वाज, मंत्री सोहन लाल जखमोला के नेतृत्व में क्षेत्रीय प्रबंधक शेर सिंह से मुलाकात की।

बताया कि कर्मचारियों की समस्या को लगातार अनदेखा किया जा रहा है। कहा कि कर्मचारियों को 53 प्रतिशत महंगाई भत्ते के साथ ही प्रतिवर्ष बोनस का लाभ दिया जाना चाहिए। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बकाया देयको को लौटाने के साथ ही उनकी गोल्डन कार्ड में आ रही विसंगतियों को दूर किया जाना चाहिए।

लौगिंग से प्रकाष्ठा उपलब्ध करवाई जाए, कोटावली नदी में सीमांकन के विवाद का निपटारा किया जाना चाहिए। प्रबंधक ने कर्मचारियों की समस्या को लेकर गंभीरता दिखाने का आश्वासन दिया।

इस मौके पर क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष आनंदमणी मैठाणी, हितेश कुमार, पूरण सिंह राठौर, चंद्रपाल सिंह, वेगराज सिंह, मुकेश बड़थ्वाल, जीवन सिंह, हरीश चंद्र नौडियाल आदि मौजूद रहे।



# राजबाट व पवनदेव की टीम पहुंची सेमीफाइनल में

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : डाडामंडी में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में राजबाट व पवनदेव की टीम ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। प्रतियोगिता में बीस से अधिक टीमें प्रतिभाग कर रही हैं।

डाडामंडी में राजकीय पौराणिक गेंद मेला एवं सांस्कृतिक क्रीड़ा समिति की ओर से टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट का मुकाबला राजबाट व एसआर गढ़वाल इलेवन के बीच खेला गया।

राजबाट ने टास जीतकर पहले फिल्डिंग करने का निर्णय लिया। एसआर गढ़वाल इलेवन ने निर्धारित 16 ओवर में 137 रन का स्कोर बनाया। टीम के खिलाड़ी पवन ने सबसे अधिक 44 रन बनाए। जवाब में राजबाट की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए पांच विकेट गंवाते हुए जीत हासिल की। प्रतियोगिता में अंकुश रावत व अभिषक गुसाईं ने अंपायर की भूमिका निभाई। दूसरा मैच कोटद्वार व पवनदेव की टीम के बीच खेला गया, जिसमे कोटद्वार ने पहले फिल्डिंग करने का निर्णय लिया। पवनदेव की टीम ने निर्धारित 16 ओवर में 154 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए कोटद्वार की टीम मात्र 142 रन ही बना पाई। इस मौके पर शशि डोबरियाल, ओमप्रकाश तिवाड़ी, अशीष चौधरी, सुरेंद्र सिंह, हरेंद्र सिंह, नरेश देवरानी, कोमल सिंह चौधरी, आनंद सिंह रावत, चंद्रमोहन सिंह, धनवीर सिंह आदि मौजूद रहे।


आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी

## प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : गुरुवार से राजकीय इंटर कॉलेज पौड़ी में दो दिवसीय जिला स्तरीय इन्सपायर अवार्ड योजना के तहत प्रोजेक्ट प्रदर्शनी व प्रतियोगिता शुरू हो गई है। पहले दिन जिले के 8 ब्लॉकों के स्कूलों से आए छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई। गुरुवार को जिला स्तरीय इन्सपायर अवार्ड का शुभारंभ विधायक राजकुमार पोरी ने किया। कहा कि इन्सपायर अवार्ड योजना से छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक सोच पैदा हो रही है। साथ ही छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतरीन मंच भी मिल रहा है। प्रतियोगिता के जिला समंवयक देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि प्रतियोगिता के तहत गुरुवार को पौड़ी, कोट, खिर्सू, पाबौ, पोखड़ा, जयहरीखाल, कल्जीखाल, एकेश्वर के 96 छात्र-छात्राओं ने अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। जबकि सात ब्लाकों के प्रतिभागी शुक्रवार को अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत करेंगे। प्रतियागिता में अव्वल प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। इस मौके पर प्रभारी मुख्यशिक्षाधिकारी नागेंद्र बर्त्वाल, लक्ष्मण सिंह, संग्राम सिंह, मनोज काला आदि शामिल रहे।

# विशाल थापा व अभिषेक ने जीता स्वर्ण पदक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : राजकीय स्टेडियम कोटद्वार के खिलाड़ी विशाल थापा व अभिषेक ने बाक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता देहरादून में आयोजित की गई थी।

जिला क्रीडा अधिकारी संदीप कुमार डुकलान व स्टेडियम इंचार्ज श्याम सिंह डांगी ने बताया कि 17 से 19 दिसंबर तक देहरादून में प्रतियोगिता आयोजित की गई थी।

जिनमें कोटद्वार स्टेडियम के बालक वर्ग में विशाल थापा ने 48 से 50 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक, अभिषेक ने 52 से 54 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक, हिमांशु बिष्ट ने 57 से 63 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। आरोहण सिंह ने 54 से 57 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। स्टेडियम के खिलाड़ी धर्मेंद्र थापा, अंशवीर सिंह, अभय धामी ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। खिलाड़ियों को व्यायाम प्रशिक्षक प्रवीण बिष्ट, शिवम रावत ने सम्मानित किया।



प्रतियोगिता में स्वर्ण व कास्य पदक जीतने वाले खिलाड़ी

# भाजपा ने अध्यक्ष और सभासद प्रत्याशियों के लिए की रायशुमारी



**जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण :** नगर पंचायत थलीसैंण के अध्यक्ष और सभासद पदों के लिए प्रत्याशी तय करने के लिए गुरुवार को पर्यवेक्षक विनोद कण्डारी विधायक देवप्रयाग, अध्यक्ष जिला पंचायत हरिद्वार किरण सिंह एवं नवीन ठाकुर ने कार्यकर्ताओं से रायशुमारी की। पर्यवेक्षक विनोद कण्डारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नगर पंचायत चुनाव के लिए प्रत्याशी चयन को रायशुमारी के बारे में जानकारी दी। कहा कि पार्टी संगठन को रिपोर्ट भेजी जाएगी। गुरुवार को विकासखंड थलीसैंण के सभागार में बैठक का शुभारंभ विधायक विनोद कंडारी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं से एक-एक कर रायशुमारी की गई। इस मौके पर विधायक श्री कंडारी ने कहा कि नगर पंचायत थलीसैंण के पहले चुनाव में सभी उम्मीदवारों को विजय हासिल करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को तन मन धन से पार्टी के उम्मीदवार को विजयी बनाना है। कहा कि हर वार्ड से सभासद पद के लिए तीन-तीन कार्यकर्ताओं का नाम संगठन को भेजा जायेगा। पार्टी जिसे प्रत्याशी बनायेगी कार्यकर्ता एकजुट होकर प्रत्याशी को विजयी बनाने के लिए काम करेंगे। इस अवसर पर जिला प्रभारी विजय कपरवाण, भाजपा मंडल अध्यक्ष नवीन जोशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष जगदीश प्रसाद मंमगाई, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नेगी, पूर्व प्रधान कैन्यूर आंनद सिंह नेगी, वीरमणी पोखरियाल, जय सिंह, विनीता नेगी, अमर सिंह नेगी, बालम सिंह, हरी सिंह, दलीप सिंह नेगी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रजनी रावत, उपाध्यक्ष वर्षा देवी, महामंत्री नीलम आदि मौजूद थे। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री राकेश मंमगाई ने किया।

# विवाह और पारिवारिक संरचना को लेकर व्यक्त किये विचार

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि के अंग्रेजी विभाग में दक्षिण कोरिया में शुरू हुए 4बी आंदोलन पर विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया। इस मौके पर कला संकाय की संकायाध्यक्ष प्रो. मंजुला राणा और अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. मोनिका गुप्ता ने इस विषय की प्रासंगिकता और सामाजिक प्रभावों पर चर्चा की। प्रो. राणा ने कहा कि 4बी आंदोलन महिलाओं को विवाह, डेटिंग, यौन संबंध और प्रजनन से स्वतंत्र रहने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह आंदोलन पितृसत्तात्मक सामाजिक संरचनाओं के विरुद्ध महिलाओं के आत्मनिर्भर और स्वतंत्र जीवन जीने की वकालत करता है, लेकिन भारत में परिवार व्यवस्था सुदृढ है, जिसके लिए ऐसे आंदोलन घातक होंगे। पैनल में शामिल छः विशेषज्ञों ने इस आंदोलन के विभिन्न पहलुओं और भारतीय समाज पर इसके संभावित प्रभावों का विश्लेषण किया। प्रो. मोनिका गुप्ता ने भारतीय सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भ में इस आंदोलन की प्रासंगिकता पर विचार साझा किए। वहीं प्रो. शकुंतला रौथाण और प्रो. दीपक कुमार ने भारतीय समाज में विवाह और पारिवारिक संरचना को लेकर अपने विचार रखे। हिंदी विभाग के डॉ. कपिल देव पंवार ने 4बी आंदोलन फेमिनिज्म विचारधारा से अलग बताया। डॉ. सविता भंडारी ने इस संगोष्ठी के आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। मंच संचालन शोधार्थी सिमरन नौडियाल, सौरभ सिंह पडियार, निर्मला और राजेंद्र ने किया। (एजेंसी)

## गृहमंत्री के बयान पर भड़के कांग्रेसी

श्रीनगर गढ़वाल : गृह मंत्री अमित शाह द्वारा डॉ. भीमराव आंबेडकर पर दिए गए बयान पर गुरुवार को कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर आक्रोश जताया। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनोद नेगी ने कहा कि संविधान के निर्माता डॉ. आंबेडकर के प्रति अमित शाह जो भावनाएं व्यक्त कर रहे हैं वह निंदनीय है। बताया कि जिन लोगों ने देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में अहम भूमिका निभाई है ऐसी महान विभूतियों के खिलाफ गलत भाषा को बोलना किसी भी नेता को शोभा नहीं देती है। कहा जब तक गृह मंत्री माफी नहीं मांगेंगे विरोध जारी रहेगा।

**INSTITUTE OF HOSPITALITY, MANAGEMENT AND SCIENCES**
(B.E.L Road, Balbhadrapur, Kotdwara-246149, Uttarakhand)

Hiring for Principal and Faculties as Assistant & Associate Professor in BHM, BBA, BCA & BSc.IT for current and upcoming academic session. Interested Candidates can go through the UGC Faculty Norms and share their profiles on the below-mentioned E-mail Ids. Candidates can apply within 30 Days of the advertisement date.

info@ihms.ac.in, director.academics@ihms.ac.in

• To know more about the institute kindly visit to

www.ihms.ac.in

Hard copy can also be submitted by post on the below address.

Director Academics
Institute of Hospitality, Management and Sciences
B.E.L Road, Balbhadrapur, Kotdwar-246149 (U.K.)
Ph. 01382-231892, Mob. 8650004141

## अदालती सूचना

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज कनिष्ठ खण्ड कोटद्वार जनपद पौड़ी गढ़वाल**

दीवानी वाद संख्या 82 सन् 2023

ममता देवी बनाम आम जनता आदि

समन बनाम :- आम जनता आदि

...............................विपक्षीगण

हर आम खास को सूचित किया जाता है कि मेरे न्यायालय में श्रीमति ममता देवी के द्वारा अपने पति श्री मदनमोहन पुत्र गेन्दनलाल निवासी ग्राम तुन्ना/निसनी तहसील यमकेश्वर जनपद पौड़ी गढ़वाल के पिछले 9 वर्षों से लापता होने एवं ना मिल पाने के कारण मृतक घोषित करवाने की उद्घोषणा बाबत प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः हर आम खास को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को कोई जानकारी हो या उसका कोई हित निहित हो वह मेरे न्यायालय में दिनांक 23/12/2024 को प्रातः 10 बजे असालतन या वकालतन उपस्थित होकर मामलें में जबाबदेही करें। ऐसा ना होने पर एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

मेरे दस्तख्त एवं मुहर अदालत के आज दिनांक 18/12/2024 को जारी।

**आज्ञा से**
**सिविल जज (क0ख0)**
**कोटद्वार गढ़वाल।**
(0624/16)

## अदालती सूचना

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज कनिष्ठ खण्ड कोटद्वार जनपद पौड़ी गढ़वाल**

**दीवानी वाद संख्या 32 सन् 2024**

इन्दू देवी बनाम आम जनता आदि

समन बनाम :- 1- आम जनता

2- पूरणचन्द्र खन्तवाल

3- अमन खन्तवाल पुत्रगण श्री चिंतामणी खन्तवाल निवासी ग्राम व पोस्ट बालासौड़, पट्टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार, जनपद पौड़ी गढ़वाल

4- पार्षद ग्राम बालासौड़ कोटद्वार जनपद पौड़ी गढ़वाल

........................विपक्षीगण

हर आम खास को सूचित किया जाता है कि मेरे न्यायालय में श्रीमति इन्दू देवी के द्वारा अपने पति श्री चिंतामणी पुत्र स्व0 नन्दलाल निवासी ग्राम व पोस्ट बालासौड़ तहसील कोटद्वार जनपद पौड़ी गढ़वाल के पिछले 14 वर्षों से लापता होने एवं ना मिल पाने के कारण मृतक घोषित करवाने की उद्घोषणा बाबत प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः हर आम खास को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को कोई जानकारी हो या उसका कोई हित निहित हो वह मेरे न्यायालय में दिनांक 21/12/2024 को प्रातः 10 बजे असालतन या वकालतन उपस्थित होकर मामलें में जबाबदेही करें। ऐसा ना होने पर एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

मेरे दस्तख्त एवं मुहर अदालत के आज दिनांक 18/12/2024 को जारी।

**आज्ञा से**
**सिविल जज (क0ख0)**
**कोटद्वार गढ़वाल।**
(0625/16)

# कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा।

## उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग

पत्रांकः- 4890/18ए0सी0 दिनांकः- 18/12/2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

माननीय राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु सील्ड निविदा दि0 01/01/2025 को अपराह्न 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 24/12/2024 से 31/12/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्नलिखित कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 01/01/2025 को अपरान्ह 03:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते हैं :

1- अधीक्षण अभियन्ता, 12 वां वृत्त, लो0नि0वि0, पौड़ी। 2- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा।
3- अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 लैन्सडौन। 4- अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, ऋषिकेश।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | निविदा की वैद्यता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | आपदा न्यूनीकरण निधि के अन्तर्गत स्व0 जगमोहन सिंह नेगी (एस0एच0 9) मोटर मार्ग के कि0मी0 27 एवं 28 में क्षतिग्रस्त दीवारों का पुनर्निर्माण कार्य। | 34,000.00 | 1500.00+ जी0एस0टी0 | 60 दिन | 01 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर |
| 2 | माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणा सं0-464/2015 के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर के विकास खण्ड यमकेश्वर के अन्तर्गत यमकेश्वर से ढूंगा मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य। (द्वितीय चरण) (कि0मी0 1, चै0 0.000 से 0.500) | 18,500.00 | 1000.00+ जी0एस0टी0 | 60 दिन | 03 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर |
| 3 | माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणा सं0-464/2015 के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर के विकास खण्ड यमकेश्वर के अन्तर्गत यमकेश्वर से ढूंगा मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य। (द्वितीय चरण) (कि0मी0 1, चै0 0.500 से 1.000) | 20,500.00 | 1000.00+ जी0एस0टी0 | 60 दिन | 03 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर |
| 4 | माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणा सं0-464/2015 के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर के विकास खण्ड यमकेश्वर के अन्तर्गत यमकेश्वर से ढूंगा मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य। (द्वितीय चरण) (कि0मी0 2, चै0 1.000 से 1.500) | 15,500.00 | 1000.00+ जी0एस0टी0 | 60 दिन | 03 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर |
| 5 | माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणा सं0-464/2015 के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर के विकास खण्ड यमकेश्वर के अन्तर्गत यमकेश्वर से ढूंगा मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य। (द्वितीय चरण) (कि0मी0 2, चै0 1.500 से 2.000) | 28,500.00 | 1000.00+ जी0एस0टी0 | 60 दिन | 03 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर |
| 6 | माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणा सं0-464/2015 के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर के विकास खण्ड यमकेश्वर के अन्तर्गत यमकेश्वर से ढूंगा मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य। (द्वितीय चरण) (कि0मी0 3, चै0 2.000 से 2.500) | 22,500.00 | 1000.00+ जी0एस0टी0 | 60 दिन | 03 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर |
| 9 | नवीनीकरण के अन्तर्गत जगमोहन सिंह नेगी (एस0एच0 9) मोटर मार्ग के कि0मी0 84 में स्थित पोखाल बाजार के क्षतिग्रस्त मार्ग का इण्टर लॉक टाईल द्वारा मरम्मत कार्य। | 34,000.00 | 1000.00+ जी0एस0टी0 | 60 दिन | 03 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर |

निविदा दिनांक 02/01/2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा में कार्यालय में खोली जायेगी। अन्य शर्तें निविदा पत्र के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0**
**दुगड्डा (गढ़वाल)**
(0626/57)

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, पाबौ

E Mail ID-eecdpwdpaboo@gmail.com. eecdpab.pwduk@gov.in

पत्रांकः- 1646/12ए0सी0 दिनांक 10/12/2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 पाबौ द्वारा निम्नलिखित कार्यो की शील्ड निविदा दिनांक 27.12.2024 को आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 20.12.2024 से 26.12.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दिनांक 27.12.2024 अपरान्ह्न 3:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाली जा सकती हैं। निविदा दिनांक 28.12.2024 को अपरान्ह्न 3:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

निविदा विक्रय एवं प्राप्त करने वाले कार्यालयों के नाम :-
1. कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, 12वां वृत्त लो0नि0वि0, पौड़ी। 2. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0 लो0नि0वि0, पाबौ। 3. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0 लो0नि0वि0, पौड़ी। 4. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अ0ख0 लो0नि0वि0, कीर्तिनगर।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा का मूल्य | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने का समय | ठेकेदार की श्रेणी। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राज्य योजना के अन्तर्गत एन0एच0 121 से सिमडी मोटर मार्ग, स्टेज-II कार्य के अन्तर्गत ग्रामीणों के क्षतिग्रस्त पैदल मार्गों का निर्माण कार्य। | 5000.00 | 500+ 18%GST | 45 दिन | 3 माह | डी एवं उच्चतर मार्ग कार्य में पंजीकृत |
| 2 | --तदैव-- पाटीसैण तछवाड एकेश्वर मोटर मार्ग के सुधारीकरण एवं डामरीकरण कार्य के अन्तर्गत सड़क सुरक्षात्मक/क्रैश बैरियर लगाने का कार्य। | 6000.00 | 500+ 18%GST | 45 दिन | 3 माह | --तदैव-- |
| 3 | --तदैव-- धूर-रैसोली मोटर मार्ग के कि0मी0 3,4 में डामरीकरण कार्य के अन्तर्गत सड़क सुरक्षात्मक/क्रैश बैरियर लगाने का कार्य। | 6000.00 | 500+ 18%GST | 45 दिन | 3 माह | --तदैव-- |
| 4 | राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि (2024-25) के अन्तर्गत विकास खण्ड पाबौ में राष्ट्रीय राजमार्ग सं0 121 (309) किमी0 246, हेमी0 4-6 से बी0आर0सी0 कोटली गांव तक मोटर मार्ग के किमी0 01, हेमी0 0-2 में क्षतिग्रस्त दीवार का पुनः निर्माण कार्य। (स्वीकृति की प्रत्याशा में) | 42000.00 | 1500+ 18%GST | 45 दिन | 3 माह | --तदैव-- |
| 5 | निक्षेप कार्य (रिलायन्स जि0यो0) के अन्तर्गत चोपडियू विशल्ड मोटर मार्ग के किमी 2 से 5 में पैच मरम्मत का कार्य। | 15000.00 | 500+ 18%GST | 45 दिन | 3 माह | --तदैव-- |

1- निविदा प्रपत्र के साथ वांछित धरोहर धनराशि एन0एस0सी0, डाकघर बचत बैंक पास बुक अथवा भारत में किसी अनुसूचित बैंक की जमा रसीद के रूप में, जो अद्योहस्ताक्षरी के पदनाम से बंधक हो, लगाना आवश्यक है।

2- निविदा प्रपत्र के साथ 100.00 रू0 का स्टाम्प पेपर एवं रू0 1.00 का हस्ताक्षर युक्त रसीदी टिकट हो, वैधता की शर्तों के साथ लगाना अनिवार्य है, इसके बिना निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

3- क्रम संख्या 04 की निविदा स्वीकृति की प्रत्याक्षा में आमंत्रित की गयी है, स्वीकृति प्राप्त न होने पर निविदा स्वतः निरस्त समझी जायेगी, किसी भी निविदा को बिना पूर्व सूचना के निरस्तीकरण/स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित है।

4- निविदा की शर्ते जी0पी0डब्लू0 9 निविदा प्रपत्र एम0एफ0 69/70 एवं शासनादेश संख्या 2611/111(2)07-75 सा0 दिनांक 26.10.2007 के अनुसार होगी, निविदा की अन्य शर्तें/नियम निविदा प्रपत्र प्राप्त कर देखी जा सकती है।

नोट :- निविदा प्रपत्र क्रय करते समय ठेकेदारों को पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पाबौ**

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com